भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1893

30 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पश्चिम बंगाल में स्मार्ट सिटी मिशन

†1893. श्री दीपक अधिकारी (देव):

श्री सौमित्र खानः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पश्चिम बंगाल में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की परियोजना-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में एससीएम की विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्ष, शहर और मद-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल में एससीएम के अंतर्गत अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल के शहरों में एससीएम की विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग) पश्चिम बंगाल राज्य में, स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत न्यू टाउन कोलकाता (एनटीके) शहर का चयन किया गया था। एनटीके शहर ने **490** करोड़ रुपये की अपनी संपूर्ण केंद्रीय वित्तीय सहायता का दावा किया है, जिसमें से **487** करोड़ रुपये **(99%)** का उपयोग किया जा चुका है। **31.03.2026** की स्थिति के अनुसार राज्य द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, मिशन के अंतर्गत **1,460** करोड़ रुपये की कुल **226** परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनमें से **1,435** करोड़ रुपये की **225** परियोजनाएं **(99%)** पूरी हो चुकी हैं। शहर द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं की स्थिति अनुलग्नक में दी गई है।

(घ) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) के पास एससीएम के तहत परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए एक बहु-स्तरीय समीक्षा संरचना है। राष्ट्रीय स्तर पर, कार्यान्वयन की निगरानी आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति द्वारा की जाती है। राज्य स्तर पर, मिशन के कार्यान्वयन की निगरानी मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा की जाती है। शहरी स्तर पर, विभिन्न हितधारकों के मध्य सलाह देने और सक्षम बनाने के लिए सभी **100** शहरों में स्मार्ट सिटी सलाहकार मंच (एससीएएफ) स्थापित करने का प्रावधान है।

*****

अनुलग्नक

'पश्चिम बंगाल में स्मार्ट सिटी मिशन' के विषय में 30 जुलाई, 2026 को लोकसभा में पूछे जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या 1893 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पश्चिम बंगाल में न्यू टाउन कोलकाता द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं की स्थिति:
(धनराशि करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	कुल परियोजनाओं की लागत (करोड़ रुपये में)
पूर्ण परियोजनाएं		
1	ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए एनकेडीए के जन्म-मृत्यु मॉड्यूल के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य अभिलेख, एचईआर का कार्यान्वयन एवं संचालन।	0.04
2	1.7 किलोमीटर लंबे लिंक कैनल के दोनों ओर 3.4 किलोमीटर लंबाई में सौर पैनलों के शीर्ष पर एलईडी लाइटों की स्थापना।	0.59
3	आईओटी सक्षम वर्टिकल गार्डन द्वारा मेट्रो खंभों को हरा भरा करना।	2.12
4	कोलकाता के न्यू टाउन के एए-I में एक्सिस मॉल के सामने पहले रोटरी से एमएआर-1111 की सर्विस रोड के किनारे साइकिल ट्रैक और बाधा रहित फुटपाथ का निर्माण।	1.78
5	न्यू टाउन, कोलकाता के न्यू टाउन एए-1सी में स्थित एक्सिस मॉल की ओर एमएआर-1111 के सर्विस रोड पर स्मार्ट स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का प्रावधान।	0.46
6	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-1 में स्थित एए-1ए, 1बी, 1सी के ग्रीन वर्ज के पथ पर सौर स्ट्रीट लाइटों की प्रकाश व्यवस्था।	0.75
7	स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत एए-1सी में प्लॉट संख्या सीसी 2 3, परिसर संख्या 31-1111 पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण।	45.18
8	एबीडी के अंतर्गत न्यू टाउन प्लाजा क्लॉक टावर के निकट स्मार्ट ऊर्जा दक्ष डिजिटल रूप से सक्षम लिस्टिंग की स्थापना।	0.31
9	एबीडी के अंतर्गत न्यू टाउन प्लाजा क्लॉक टावर के निकट स्मार्ट ऊर्जा दक्ष डिजिटल रूप से सक्षम लिस्टिंग की स्थापना [भाग-II - डब्ल्यू.बी. एचआईडीसीओ के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता में लोरावान नेटवर्क पर स्मार्ट स्ट्रीट लाइट उपाय उपलब्ध कराना]।	0.16
10	न्यू टाउन, कोलकाता के नजरुल तीर्थ में स्मार्ट लाइब्रेरी [भाग-I - आंतरिक सज्जा का काम]।	2.88
11	एबीडी के अंतर्गत कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाजा में स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ लैंडस्केप गार्डनिंग का विकास [भाग-I - न्यू टाउन कोलकाता के एए-1 स्थित	0.23

	कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाजा का लैंडस्केपिंग कार्य]।	
12	कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाजा स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर के साथ लैंडस्केप गार्डनिंग का विकास और एबीडी के अंतर्गत डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग [भाग II - न्यू टाउन कोलकाता के तहत एए-I में कोलकाता गेट एंट्री प्लाजा का लैंडस्केपिंग कार्य]	0.05
13	कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाजा, स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर के साथ लैंडस्केप गार्डनिंग का विकास और एबीडी के तहत डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग [भाग III - एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के तहत कोलकाता नारकेलबागान के लिए स्मार्ट प्लाजा में वृक्षारोपण कार्य]	0.05
14	कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाजा, स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर के साथ लैंडस्केप गार्डनिंग का विकास और एबीडी के अंतर्गत डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग [भाग IV - कोलकाता गेट लैंडस्केप कार्य प्रवेश प्लाजा के लिए, केवल एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के तहत नारकेलबागान में सीट प्लांटर हेतु]	0.01
15	कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाज़ा, स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर के साथ लैंडस्केप गार्डनिंग का विकास एवं एबीडी के अंतर्गत डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग, [भाग-V – एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत कोलकाता नारकेलबागान प्रवेश प्लाज़ा हेतु वृक्षारोपण कार्य]	0.02
16	एबीडी के अंतर्गत स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाज़ा का लैंडस्केप गार्डनिंग विकास कार्य तथा एए-I क्षेत्र में कोलकाता गेट पर स्थित बिटुमिनस सरफेस पर थर्मोप्लास्टिक पेंट द्वारा अल्पाना ड्राईंग का निर्माण, जिसमें परावर्तक ग्लास बीड्स का उपयोग किया गया है।	0.29
17	एबीडी के अंतर्गत स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाज़ा का लैंडस्केप गार्डनिंग विकास कार्य [भाग-X – एए-आईसी क्षेत्र में कोलकाता गेट के निकट प्रवेश प्लाज़ा के 2222 एमएआर साइड पर इल्युमिनेशन कार्य का प्रावधान]।	0.05
18	एबीडी के अंतर्गत स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित कोलकाता गेट स्मार्ट प्लाज़ा का लैंडस्केप गार्डनिंग विकास कार्य [भाग-XI – एए-आईसी क्षेत्र में कोलकाता गेट के निकट प्रवेश प्लाज़ा के 2222 एमएआर साइड पर इल्युमिनेशन कार्य का प्रावधान]।	0.03
19	एक्शन एरिया-आईडी, न्यू टाउन, कोलकाता में टाटा कैंसर अस्पताल के निकट स्थित पार्किंग प्लाज़ा में स्मार्ट कम्पोनेंट की स्थापना।	0.14
20	न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत गार्डनिंग हेतु एए-आईआईबी एवं आईआईसी क्षेत्रों में एसटीपी से प्राप्त अपशिष्ट जल के उपयोग के लिए पीएचईडी रिसोर्स डिवीजन से डीआई पाइप की खपत।	1.21
21	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आई क्षेत्र में प्राइड होटल के सामने, एमएआर स्ट्रीट संख्या 1111 के सर्विस रोड के किनारे साइकिल ट्रैक एवं अवरोध-मुक्त फुटपाथ का निर्माण, प्रथम रोटरी से तृतीय रोटरी तक।	1.95
22	न्यू टाउन, कोलकाता स्थित नजरुल तीर्थ कॉम्प्लेक्स में स्मार्ट लाइब्रेरी हेतु आईटी उपकरणों की खरीद।	0.14
23	ई-डिस्ट्रिक्ट इको सिस्टम के अंतर्गत नगरपालिका प्रशासन एवं शासन प्रणाली का कार्यान्वयन, जिसमें नगरपालिका लेन-देन प्रसंस्करण प्रणाली, नागरिक इंटरफेस प्रणाली, नगरपालिका निगरानी एवं मूल्यांकन प्रणाली तथा नगरपालिका एमआईएस शामिल हैं।	1.16
24	न्यू टाउन बिजनेस क्लब, न्यू टाउन, कोलकाता के विभिन्न स्थानों के लिए वीडियो एनालिटिक्स सहित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली।	0.42
25	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईए क्षेत्र में डीएलएफ सबवे के समीप स्मार्ट साइकिल स्टैंड का निर्माण।	0.34

26	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आई क्षेत्र में नोवोटेल होटल के सामने द्वितीय रोटरी के विकास सहित साइकिल ट्रैक का निर्माण।	2.03
27	न्यू टाउन, कोलकाता में तीन स्थानों पर स्मार्ट बस शेल्टर का निर्माण।	0.89
28	न्यू टाउन के एए-आईए, आईबी, आईसी एनकेडीए क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में स्मार्ट ऊर्जा-कुशल लोरावान आधारित लाइटिंग प्रणाली की स्थापना।	4.93
29	सुरक्षित साइकिलिंग हेतु सोलर स्टड लाइट एवं रोड स्टड की स्थापना।	0.16
30	क्लाउड कनेक्टेड सिस्टम के माध्यम से नागरिक संचार व्यवस्था में सुधार।	3.88
31	गुणवत्ता एवं स्तर निगरानी प्रणाली सहित इको पार्क के अंतर्गत जल संरक्षण उपायों का निर्माण/कार्यान्वयन।	5.44
32	एए-आईआईबी क्षेत्र में स्ट्रीट संख्या 652 के किनारे प्लॉट संख्या 1947 12 पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण।	31.25
33	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईसी क्षेत्र में एक्सिस मॉल के निकट सार्वजनिक सुविधा भवन का डिजाइन एवं निर्माण।	0.43
34	एए-आई के ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत 8 गतिविधि क्षेत्रों का विकास।	1.69
35	न्यू टाउन में बिस्वा बांग्ला सरणी के तृतीय इंटरसेक्शन पर स्मार्ट तकनीकों का उपयोग करते हुए एकीकृत वाहन एवं पैदल यात्री सुरक्षा उपायों का विकास।	67.86
36	न्यू टाउन के एए-आई क्षेत्र में टैंक-3 के निकट सड़क डिवाइडर बांस की बाड़ का पुनरुद्धार।	0.22
37	एनकेडीए के अंतर्गत एक्शन एरिया-II में स्मार्ट सेंसरी पार्क।	8.43
38	न्यू टाउन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में प्रीफैब्रिकेटेड सिंगल टैंक आधारित मॉड्यूलर बायोगैस डाइजेस्टर की स्थापना।	2.61
39	न्यू टाउन, कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर कंटेनरीकृत शौचालय का निर्माण।	0.96
40	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-II क्षेत्र में इकोस्पेस गोलचक्कर के समीप हरित पट्टी पर कंटेनरीकृत कैफे का निर्माण।	0.09
41	सह-कार्य स्थान एवं सामुदायिक रिहायश तथा कार्यस्थल की सुविधा।	94.58
42	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईसी क्षेत्र में स्ट्रीट संख्या 175 के साथ 550 मीटर लंबाई के अवरोध-मुक्त एवं पैदल यात्री अनुकूल फुटपाथ का निर्माण।	0.40
43	न्यू टाउन, कोलकाता के प्रथम रोटरी के निकट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संग्रहालय का निर्माण।	0.61
44	रवीन्द्र तीर्थ में इंटेलिजेंट सीसीटीवी उपायों का कार्यान्वयन।	0.32
45	न्यू टाउन, कोलकाता में सार्वजनिक साइकिल साझा प्रणाली के डिजाइन, खरीद, स्थापना, संचालन	

	एवं रखरखाव हेतु एजेंसी का चयन।	3.15
46	न्यू टाउन, कोलकाता भाग-I के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली।	14.46
47	एनकेडीए के नए प्रशासनिक भवन हेतु आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापना।	7.83
48	एए-आई एनकेडीए के अंतर्गत एनसीबी, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कार्यालय भवन के सामने मवेशी अवरोधक एवं सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का निर्माण।	0.10
49	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईआईई क्षेत्र में प्लॉट संख्या 67 1 पर स्मार्ट वर्कस्पेस का निर्माण।	31.01
50	न्यू टाउन में एए-आईडी एए-आईआई क्षेत्रों के ग्रीन वर्ज के पैदल पथ पर सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था।	1.78
51	न्यू टाउन, कोलकाता में जत्रागाछी ब्रिज से नोआपाड़ा तक विभिन्न स्थानों पर एमएआर के सर्विस रोड के किनारे साइकिल ट्रैक का निर्माण – लंबाई 2450.00 मीटर।	2.52
52	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईआईई क्षेत्र में प्लॉट संख्या 67 1 पर स्मार्ट वर्कस्पेस हेतु एयर कंडीशनर एवं लिफ्ट सहित विद्युत एवं ईएलवी का निर्माण।	1.39
53	न्यू टाउन, कोलकाता के सबवे अकांक्षा मोड़ की निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का एकीकरण।	0.08
54	न्यू टाउन, कोलकाता के लिए "टॉयलेट फीडबैक मॉनिटरिंग सिस्टम" हेतु आपूर्ति, स्थापना, वार्षिक प्रचालन एवं रखरखाव सहायता।	0.20
55	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईआईबी क्षेत्र में स्थित इको अर्बन विलेज में आउटडोर जिम उपकरणों की स्थापना।	0.36
56	एनकेजीएससीसीएल भवन में रूफ-टॉप सोलर प्रणाली, वर्टिकल ग्रीन वॉल एवं वर्षा जल पुनर्भरण की व्यवस्था।	0.81
57	न्यू टाउन, कोलकाता के ब्लॉक एडी एए आईए क्षेत्र में डे-केयर सेंटर का निर्माण।	0.61
58	एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र की स्थापना।	24.69
59	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम स्मार्ट स्ट्रीट साइनेज की स्थापना।	11.20
60	एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत एए-आईए क्षेत्र में अवरोध-मुक्त एवं पैदल यात्री अनुकूल फुटपाथ का निर्माण।	10.77
61	एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत एए-आईबी क्षेत्र में अवरोध-मुक्त एवं पैदल यात्री अनुकूल फुटपाथ का निर्माण।	7.95
62	एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत के एए-आईसी क्षेत्र में अवरोध-मुक्त एवं पैदल यात्री अनुकूल फुटपाथ का निर्माण।	12.05
63	एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत के एए-आईडी क्षेत्र में अवरोध-मुक्त एवं पैदल यात्री अनुकूल फुटपाथ का निर्माण।	11.18
64	नीम बनानी पार्क का लैंडस्केप पुनर्विकास।	5.51

65	न्यू टाउन, कोलकाता परियोजना के अंतर्गत एए-आईआईबी एवं आईआईसी क्षेत्रों के एसटीपी से प्राप्त अपशिष्ट जल का बागवानी हेतु उपयोग।	2.47
66	न्यू टाउन, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में बागजोला नहर के ऊपर ग्रिड इंटरैक्टिव सौर फोटोवोल्टिक विद्युत संयंत्र की स्थापना।	15.60
67	न्यू टाउन कोलकाता ग्रीन स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के अंतर्गत सीसीटीवी निगरानी प्रणाली हेतु ओएफसी के माध्यम से नेटवर्क बैकबोन की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग एवं 5 वर्षों का रखरखाव।	5.89
68	रानी देबेंद्रबाला घाट स्थित रॉ वाटर इनटेक पंपिंग स्टेशन के एससीएडीए प्रणाली द्वारा स्वचालन सहित एससीएडीए व्यवस्था तथा डब्ल्यूटीपी परिसर में केंद्रीय एससीएडीए व्यवस्था हेतु सभी सहायक एवं अतिरिक्त उपकरणों सहित उपकरण एवं सहायक सामग्री उपलब्ध कराना।	2.77
69	एनटीके परियोजना के अंतर्गत सतही आधारित डब्ल्यू एस योजना हेतु 20 एमजीडी डब्ल्यूटीपी, जिसमें क्लियर वाटर पंप हाउस, सब-स्टेशन, फिल्टर हाउस, केमिकल हाउस एवं मिशन बाजार शामिल हैं, के लिए एससीएडीए स्वचालन व्यवस्था उपलब्ध कराना।	2.78
70	एनटीके परियोजना के अंतर्गत सतही आधारित जलापूर्ति हेतु एए-1 के ओएचआर जोन-1 से 8 तक स्थित ओएचआर साइटों पर एससीएडीए व्यवस्था हेतु सभी सहायक एवं अतिरिक्त उपकरणों सहित उपकरण एवं सामग्री उपलब्ध कराना।	2.28
71	एनटीके परियोजना के अंतर्गत सतही आधारित जलापूर्ति हेतु बीएस-I पर सभी उपकरणों, सहायक एवं अतिरिक्त उपकरणों सहित एससीएडीए व्यवस्था उपलब्ध कराना।	0.37
72	बल्क कंज़्यूमर लाइन हेतु बल्क इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फ्लो मीटर, जीपीआरएस आरटीयू एवं कंट्रोल वाल्व – पाइप आकार 80/100 मिमी व्यास।	6.36
73	एक्शन एरिया-I, न्यू टाउन, कोलकाता में छोटे उपभोक्ता जल आपूर्ति प्रबंधन हेतु घरेलू प्रकार के अल्ट्रासोनिक वाटर मीटर ईईसी एमआईडी या ओएमआईएल चिह्नित एवं फ्लोट वाल्व की आपूर्ति, वितरण, स्थापना एवं कमीशनिंग।	6.86
74	एक्शन एरिया-II, न्यू टाउन, कोलकाता में थोक उपभोक्ता जल आपूर्ति प्रबंधन हेतु बल्क इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फ्लो मीटर, जीपीआरएस आरटीयू एवं कंट्रोल वाल्व की आपूर्ति, वितरण, स्थापना एवं कमीशनिंग।	4.07
75	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-II में लघु उपभोक्ताओं की जलापूर्ति प्रबंधन प्रणाली हेतु घरेलू प्रकार के अल्ट्रासोनिक जल मीटर ईईसी एमआईडी अथवा ओआईएमएल प्रमाणित एवं फ्लोट वाल्व की आपूर्ति, वितरण, स्थापना तथा कमीशनिंग।	0.69
76	एक्सिस मॉल के निकट स्ट्रीट संख्या 184 पर 33 केवी 3×300 वर्ग मिमी की 03 केबलों का स्थानांतरण।	0.05
77	न्यू टाउन, कोलकाता के लिए 24 7 टोल-फ्री नागरिक हेल्पलाइन की स्थापना एवं संचालन।	0.49
78	न्यू टाउन, कोलकाता स्थित डब्ल्यूबीएचआईडीसीओ भवन हेतु प्रस्तावित स्मार्ट भवन समाधान का प्रस्ताव।	0.97
79	न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत एए-I एवं एए-II के विभिन्न क्षेत्रों में सौर ऊर्जा चालित पंप सेटों द्वारा गार्डन वाटर की व्यवस्था।	0.35
80	एनकेजीएससीसीएल परिसर में आईओटी सक्षम बायोपॉड, एक्वा-II की स्थापना।	0.01

81	एनटीके परियोजना के अंतर्गत बलाका आवासन में स्मार्ट पंपिंग व्यवस्था सहित समर्पित जल निकासी पंपिंग स्टेशन का निर्माण।	1.23
82	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईबी क्षेत्र, ब्लॉक बीएफ स्थित स्वप्नोभोर वरिष्ठ नागरिक पार्क में 'आलाप' बैंक्वेट हॉल तथा नागरिक संवाद क्षेत्र का निर्माण।	3.60
83	न्यू टाउन, कोलकाता के मंगलदीप सबवे में दिशासूचक संकेतक की स्थापना।	0.08
84	न्यू टाउन, कोलकाता में आईओटी सक्षम सार्वजनिक संदेश बोर्ड की स्थापना।	0.54
85	डब्ल्यूबीएचआईडीसीओ के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर स्थापित 82 सीसीटीवी निगरानी प्रणालियों के जंक्शन बॉक्सों हेतु एलटी पावर संयोजन उपलब्ध कराना।	0.35
86	न्यू टाउन, कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर 21 साइकिल डॉकिंग स्टेशनों का निर्माण।	2.66
87	मंगलदीप सबवे में 28 कियोस्क तथा डीएलएफ इको पार्क सबवे में 02 कियोस्क का निर्माण।	0.52
88	न्यू टाउन, कोलकाता में प्रस्तावित लैंडस्केप विकास एवं माइक्रो गार्डन का निर्माण।	1.94
89	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईआईबी क्षेत्र में नीम बनानी के सामने स्थित एक्टिविटी पार्क का लैंडस्केप विकास।	2.43
90	एचआईडीसीओ बैकबोन नेटवर्क प्रणाली चरण-I का उपयोग करते हुए न्यू टाउन, कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट ज़ोन का कार्यान्वयन, जिसमें पाँच वर्षों का संचालन एवं प्रबंधन भी शामिल है।	2.67
91	न्यू टाउन, कोलकाता डब्ल्यू/एस प्रभाग-I, पीएचई के अंतर्गत सार्वजनिक सुविधा भवन के निर्माण स्थल से जल निकासी पाइपलाइन का स्थानांतरण।	0.02
92	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आई क्षेत्र में मेला ग्राउंड से सर्विस रोड पर श्रेडर अपशिष्ट प्लास्टिक युक्त बिटुमिनस मिश्रण का उपयोग कर विद्यमान सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण तथा दो रैंप का निर्माण।	0.34
93	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आई क्षेत्र में स्मार्ट स्ट्रीट परियोजना के अंतर्गत मेला ग्राउंड के सामने स्मार्ट बस शेल्टर का निर्माण तथा स्वप्नभोर के सामने स्थित विद्यमान बस शेल्टर का पुनरुद्धार।	0.15
94	स्मार्ट सिटी, एनकेडीए एवं एचआईडीसीओ के वीसी कक्षों के मध्य एकीकृत इंटरैक्टिव टेली-प्रेज़ेन्स प्रणाली की स्थापना, जिसमें ज़ूम, स्कायपे आदि जैसे बाह्य वीओआईपी कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध हो।	0.64
95	न्यू टाउन, कोलकाता में पुष्पों की वृद्धि को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रो लाइट की स्थापना।	0.41
96	विवेक तीर्थ में ब्लॉकचेन आधारित एपलीकेशन की होस्टिंग।	0.15
97	न्यू टाउन, कोलकाता स्थित इको पार्क में 'बी कॉरिडोर' का विकास।	0.10
98	एनकेडीए एवं एचआईडीसीओ के लिए चेहरे की पहचान आधारित उपस्थिति प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना एवं अनुरक्षण।	0.14

99	न्यू टाउन, कोलकाता के चार विभिन्न स्थानों पर चार मच्छर पकड़ने वाले उपकरण की आपूर्ति एवं स्थापना तथा उनका तीन वर्षों तक संचालन एवं अनुरक्षण।	0.11
100	आईओटी सक्षम सोलर बेंचों की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग एवं परीक्षण।	0.05
101	न्यू टाउन के एए-आईआई क्षेत्र में नवस्थापित ईवी चार्जरों के लिए पावर कनेक्सन उपलब्ध कराना।	0.52
102	वरिष्ठ नागरिक पार्क के सामने बिस्वा बांग्ला सरणी की पार्किंग लेन एवं सर्विस लेन पर निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार सोलर रोड स्टड्स की आपूर्ति, वितरण, स्थापना, कमीशनिंग, परीक्षण तथा दो वर्षों का अनुरक्षण।	0.57
103	न्यू टाउन, कोलकाता में 'मेला ग्राउंड' एवं 'स्वप्न भोर' के समीप स्मार्ट स्ट्रीट पर पाँच सोलर ट्री का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, स्थापना, कमीशनिंग, परीक्षण एवं अनुरक्षण।	0.24
104	कोविड-19 के प्रबंधन हेतु ड्रोन प्रौद्योगिकी।	3.88
105	ग्रेडेड साइकिल ट्रैक, साइकिल शेड, यातायात सिग्नल एवं साइनेज (समूह-2) का निर्माण।	0.63
106	न्यू टाउन स्थित नजरुल तीर्थ परिसर में सामुदायिक रेडियो की स्थापना।	1.37
107	ग्रेडेड साइकिल ट्रैक, साइकिल शेड, यातायात सिग्नल एवं साइनेज (समूह-3 एवं 7) का निर्माण।	3.10
108	एनकेडीए के आईसीसीसी के साथ आईजीएमएस प्रणाली की 24×7 न्यू टाउन हेल्पलाइन का एपीआई एकीकरण।	0.01
109	एए-1ए में बाधारहित फुटपाथ के अंतर्गत स्ट्रीट लाइट हेतु विद्युत वितरण कार्य में संशोधन।	0.73
110	एए-1बी में बाधारहित फुटपाथ के अंतर्गत स्ट्रीट लाइट हेतु विद्युत वितरण कार्य में संशोधन।	0.58
111	एए-1सी में बाधारहित फुटपाथ के अंतर्गत स्ट्रीट लाइट हेतु विद्युत वितरण कार्य में संशोधन।	0.49
112	एए-1डी में बाधारहित फुटपाथ के अंतर्गत स्ट्रीट लाइट हेतु विद्युत वितरण कार्य में संशोधन।	0.98
113	ग्रेडेड साइकिल ट्रैक, साइकिल शेड, यातायात सिग्नल एवं साइनेज (समूह-6) का निर्माण।	0.88
114	न्यू टाउन में अत्यधिक गति से चलने वाले वाहनों को नियंत्रित करने हेतु रडार स्पीड साइन उपकरणों की स्थापना।	1.00
115	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-1 में सीसी-4/1 पर कोविड स्मारक का निर्माण।	2.16
116	बंगाल सिलिकॉन वैली, फिनटेक हब तथा न्यू टाउन के अन्य केंद्रीय व्यावसायिक जिला (सीबीडी) प्लॉटों में निवेश आकर्षित करने की कार्यनीति।	1.58
117	न्यू टाउन, कोलकाता में प्लॉट संख्या CBD-117 एवं 118 पर बहुमंजिला कार पार्किंग परिसर का निर्माण।	177.86

118	न्यू टाउन के आईआईसी, बीकेएल-22/1 में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) का निर्माण।	4.74
119	न्यू टाउन, कोलकाता में शहरी मनोरंजन पार्क एवं लैंडस्केप का विकास (सिटी सेंटर-II के निकट)।	2.02
120	न्यू टाउन के एए-1 में 421 साइनेज हेतु 24×7 ग्रिड विद्युत आपूर्ति का विकास।	0.38
121	24×7 हेल्पलाइन में चैटबॉट का एकीकरण।	0.06
122	ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी पर आधारित नागरिक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्ड, जिसमें 3 (तीन) वर्षों का संचालन एवं अनुरक्षण भी शामिल है।	0.60
123	न्यू टाउन, कोलकाता के सार्वजनिक बस स्टॉपों हेतु वास्तविक समय यात्री सूचना प्रदर्शन प्रणाली (आरपीआईडीएस) की स्थापना (2 वर्षों के वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध सहित)।	2.88
124	इको पार्क, न्यू टाउन, कोलकाता में फोटोग्राफिक प्रलेखन आदि के माध्यम से पक्षी आश्रय स्थल के रूप में इको पार्क की पहचान को बढ़ावा देना।	0.23
125	एनएफसी प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के एकीकरण सहित स्मार्ट होम टैग प्लेटफॉर्म का विकास।	0.43
126	हिडको के बैकबोन नेटवर्क सिस्टम का उपयोग करते हुए न्यू टाउन, कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर स्थित चार सार्वजनिक स्थलों पर सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट क्षेत्र के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक अतिरिक्त ओएफसी अवसंरचना की स्थापना, जिसमें 5 वर्षों का संचालन एवं अनुरक्षण भी शामिल है।	0.44
127	न्यू टाउन कोलकाता ग्रीन सिटी के अंतर्गत पुराने एएनपीआर, गति पहचान एवं आरएलवीडी (रेड लाइट उल्लंघन पहचान) प्रणाली (04 स्थानों) का सुधार तथा विद्यमान प्रणाली के साथ उसका एकीकरण (5 वर्षों के संचालन एवं अनुरक्षण सहित)।	0.24
128	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-1बी में स्ट्रीट संख्या 165 एवं 166 का स्ट्रीटस्केप विकास।	2.70
129	महिषबाटन बॉक्स ब्रिज से कोलकाता गेट तक एमएआर मार्ग (लगभग 17.4 किमी) पर आईओटी-सक्षम स्मार्ट फेंसिंग का निर्माण।	10.12
130	एनकेडीए के सीबी सामुदायिक बाजार में सीसीटीवी आधारित मास्क पहचान प्रणाली की स्थापना।	0.05
131	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-1सी स्थित सीबी ब्लॉक सामुदायिक बाजार को प्लास्टिक मुक्त बाजार के रूप में विकसित करना।	0.23
132	न्यू टाउन, कोलकाता में 15 स्मार्ट बस शेल्टरों का निर्माण।	1.34
133	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-I स्थित सीई ब्लॉक एवं एसी ब्लॉक में सामुदायिक भवन-सह-बाजार का निर्माण।	5.01
134	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईसी में इस्पात संरचनात्मक ढाँचे पर जिंक-एल्यूमिनियम इस्पात शीट द्वारा बायो-मीथेनेशन संयंत्र की रूफ कवरिंग तथा रूफटॉप एसपीवी विद्युत संयंत्र की स्थापना।	0.49
135	विभिन्न ब्लॉकों में ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत स्थित 06 (छह) गतिविधि क्षेत्र-सह-खेल मैदानों के चारों ओर चेन फेंसिंग तथा एलईडी लाइटों द्वारा प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराना।	1.81

136	एनएफटी आधारित संपत्ति पहचान प्रणाली का डिजाइन, विकास, परीक्षण एवं अनुरक्षण तथा उसका स्वामित्व अभिलेख (म्यूटेशन) के साथ एकीकरण।	0.55
137	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-I में स्मार्ट स्ट्रीट के विभिन्न घटकों हेतु पट्टिकाओं की स्थापना (03 वर्षों के संचालन एवं अनुरक्षण सहित)।	0.09
138	न्यू टाउन, कोलकाता में सामुदायिक संदेशों के प्रदर्शन हेतु दोनों ओर प्रदर्शित होने वाले वर्टिकल एलईडी डिस्प्ले पैनल बोर्डों की स्थापना।	0.51
139	न्यू टाउन, कोलकाता में स्ट्रीट संख्या-0106 तथा उसके आसपास के क्षेत्र को पैदल यात्री-अनुकूल शहरी क्षेत्र में रूपांतरित करने का प्रस्ताव।	1.16
140	न्यू टाउन, कोलकाता में निर्मित सभी साइकिल डॉकिंग स्टेशनों हेतु बैकलिट साइनेज बोर्डों की स्थापना।	0.44
141	न्यू टाउन, कोलकाता में सिटी सेंटर-II के सामने एमएआर मार्ग के पार पैदल यात्री अंडरपास का निर्माण।	7.92
142	नजरुल तीर्थ, न्यू टाउन, कोलकाता में डब्ल्यूबीएचआईडीसीओ हेतु सतत विकास पर करियर विकास एवं उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।	1.14
143	न्यू टाउन, कोलकाता के तृतीय रोटरी स्थित बिस्वा बांग्ला गेट के निकट स्मार्ट प्लाजा के भीतर पूर्व-पश्चिम मेट्रो कॉरिडोर के 03 (तीन) आरसीसी पियरों की सतह पर आईओटी-सक्षम वर्टिकल गार्डन उपलब्ध कराना, जिसमें 03 वर्षों का संचालन एवं अनुरक्षण भी शामिल है।	0.67
144	ज़ीरो शॉप की वेबसाइट का डिजाइन, विकास एवं अनुरक्षण।	0.02
145	एनकेडीए के अंतर्गत न्यू टाउन में पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को एलईडी स्ट्रीट लाइटों में परिवर्तित करना।	0.78
146	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-I में स्ट्रीट संख्या-131 पर प्लॉट संख्या BC/54/1 में अपूर संसार पार्क का निर्माण।	1.78
147	स्मार्ट सिटी के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता के एए-II में स्ट्रीट साइनेज का निर्माण, आपूर्ति एवं स्थापना।	2.31
148	न्यू टाउन, कोलकाता में किफायती आवास हेतु परामर्श एवं प्रबंधन कार्य।	1.54
149	स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता के एए-IIC में किफायती आवास।	249.67
150	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-IIE में फुटबॉल स्टेडियम के निकट 250 मीटर आउटडोर साइकिल वेलोड्रोम का निर्माण।	9.77
151	न्यू टाउन, कोलकाता में सेंसर आधारित अपशिष्ट पात्र प्रबंधन प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना एवं संचालन।	0.29
152	एनकेडीए के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता में बिस्वा बांग्ला गेट के निकट बीएफ ब्लॉक स्थित स्मार्ट प्लाजा में विद्युत प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराना।	0.20
153	नवाबपुर के निकट अंडरपास का विकास।	4.84
154	न्यू टाउन, राजरहट में स्मार्ट प्लाजा तथा ईडन कोर्ट के निकट एलईडी बोर्ड के पास विद्यमान हिडको वाई-फाई नेटवर्क प्रणाली से जोड़ते हुए वाई-फाई हॉटस्पॉट की स्थापना।	0.49

155	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-आईबी स्थित अपूर संसार पार्क में त्रि-आयामी (3डी) होलोग्राफिक अनुभव का डिजाइन एवं स्थापना।	0.60
156	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-II स्थित सामुदायिक केंद्र-II के प्रथम एवं द्वितीय तल पर बैंक्वेट हॉलों हेतु वीआरएफ वातानुकूलन प्रणाली तथा मध्यवर्ती तल पर स्थित सभी अतिथि कक्षों, लाउंजों एवं कार्यालय कक्ष हेतु स्प्लिट वातानुकूलन प्रणाली की आपूर्ति एवं स्थापना।	0.50
157	3000 लीटर क्षमता के 03 वाहन चालित स्टेनलेस स्टील जल टैंकरों का एमएस पहिएदार आधार फ्रेम पर स्थापित किए जाने हेतु उनकी आपूर्ति, निर्माण एवं स्थापना।	0.18
158	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-I में साइकिल ट्रैक सहित आंतरिक सड़कों पर साइकिल यातायात संकेतों की स्थापना।	0.97
159	न्यू टाउन के एक्शन एरिया-I में एमएआर-1111 एवं एमएआर-2222 के किनारे साइकिल यातायात संकेतों की स्थापना।	0.81
160	एक्शन एरिया-I में साइकिल ट्रैकों हेतु डिजाइन एवं ड्राइंग के अनुसार सीमेंट कंक्रीट आधार में स्थापित स्टेनलेस स्टील पोल (एसएस ग्रेड-304) सहित एलईडी प्रकाश सुविधा युक्त सड़क साइनेज का निर्माण, आपूर्ति एवं स्थापना।	0.27
161	न्यू टाउन, कोलकाता स्थित न्यू टाउन पुलिस स्टेशन में आसपास के क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था सहित ग्रिड से संबद्ध रूफटॉप सौर पीवी विद्युत संयंत्र का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना तथा व्यापक अनुरक्षण।	0.20
162	एनकेडीए प्रशासनिक भवन में 200 केडब्ल्यूपी, 3-फेज रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना तथा 5 वर्षों का व्यापक संचालन एवं रख-रखाव।	1.02
163	एनकेडीए कैटल एवं डॉग पाउंड में 11 केडब्ल्यूपी, 3-फेज रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना तथा 5 वर्षों का व्यापक संचालन एवं रख-रखाव।	0.04
164	एनकेडीए के एसडब्ल्यूएम कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक कचरा संग्रहण एवं निपटान की सुविधा के लिए न्यू टाउन, कोलकाता में उपयुक्त स्थानों पर 15 अपशिष्ट अंतरण स्टेशनों का निर्माण।	2.38
165	बागजोला नहर के किनारे आउटफॉल संरचनाओं का निर्माण तथा ड्रॉ शटरों के प्रतिस्थापन एवं सहायक कार्य।	0.34
166	न्यू टाउन, कोलकाता स्थित कम्युनिटी सेंटर-I, एए-आईसी के प्रथम एवं द्वितीय तल पर स्थित बैंक्वेट हॉलों के लिए वीआरएफ वातानुकूलन प्रणाली तथा मध्यवर्ती तल पर स्थित चार अतिथि कक्षों, कार्यालय कक्ष एवं लाउंजों के लिए स्प्लिट वातानुकूलन प्रणाली की आपूर्ति एवं स्थापना।	0.50
167	न्यू टाउन, कोलकाता जलापूर्ति प्रभाग-I के अंतर्गत एए-I में सार्वजनिक सुविधा भवन स्थल (एक्सिस मॉल के निकट) का विकास कार्य तथा अन्य सहायक कार्य।	0.04
168	न्यू टाउन, कोलकाता जलापूर्ति प्रभाग के अंतर्गत एए-I एवं एए-II के विभिन्न ओएचआर में जलापूर्ति प्रणाली के स्मार्ट उन्नयन हेतु आपूर्ति, परिदान, स्थापना एवं चालू करना।	2.94
169	न्यू टाउन, कोलकाता के 12 स्थानों पर स्वचालित वाहन गति पहचान कैमरा एवं ई-चालान प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना तथा 3 वर्षों का रख-रखाव।	2.73
170	न्यू टाउन, कोलकाता विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली (चरण-II) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना तथा 3 वर्षों का रख-रखाव और पहले से स्थापित विद्यमान प्रणाली के साथ उसका एकीकरण।	14.74
171	न्यू टाउन, कोलकाता में 'ऑन-स्ट्रीट पार्किंग प्रबंधन' पर परियोजना रिपोर्ट तैयार करना।	1.94

172	न्यू टाउन, कोलकाता में 3 कार्यशील पॉड (कोकून) का निर्माण।	0.95
173	न्यू टाउन, कोलकाता विकास प्राधिकरण के अंतर्गत एक्शन एरिया-IIIE में दैनिक बाजार का निर्माण।	2.91
174	न्यू टाउन, कोलकाता में इको स्पेस के सामने, प्लॉट संख्या IIF/26/1, एक्शन एरिया-IIF में एनकेडीए बाजार का निर्माण, ताकि न्यू टाउन, कोलकाता के इको स्पेस के आसपास कार्यरत पथ विक्रेताओं का पुनर्वास किया जा सके।	2.63
175	एनकेडीए बाजार का निर्माण, प्लॉट संख्या IIF/26/3, एक्शन एरिया-IIF में टी.सी.एस. के निकट, न्यू टाउन, कोलकाता, ताकि न्यू टाउन, कोलकाता में टी.सी.एस. के आसपास कार्यरत पथ विक्रेताओं का पुनर्वास किया जा सके।	1.85
176	एनकेडीए बाजार का निर्माण, यूनिटेक गेट संख्या-2 के सामने, प्लॉट संख्या DH/6/50, परिसर संख्या 04-0368, एक्शन एरिया-ID, न्यू टाउन, कोलकाता में, ताकि न्यू टाउन, कोलकाता में यूनिटेक गेट संख्या-2 के आसपास कार्यरत पथ विक्रेताओं का पुनर्वास किया जा सके।	3.23
177	न्यू टाउन, कोलकाता में यूनिटेक इन्फोस्पेस के सामने हॉकर प्लाजा का विस्तार, ताकि यूनिटेक इन्फोस्पेस के आसपास कार्यरत पथ विक्रेताओं का पुनर्वास किया जा सके।	1.44
178	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-I की स्ट्रीट संख्या-45 पर कार पार्किंग स्थल और डी.सी.पी. कार्यालय के मध्य एनकेडीए बाजार का निर्माण, ताकि न्यू टाउन, कोलकाता में डीएलएफ-I/कोल इंडिया भवन तथा आसपास के क्षेत्रों में कार्यरत पथ विक्रेताओं का पुनर्वास किया जा सके।	3.74
179	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-IIIB में परिधीय नहर के बाहर एमएआर-3333 के निकट बालीगुड़ी आर.आर. प्लॉट के पास बाजार परिसर का निर्माण।	2.56
180	न्यू टाउन, कोलकाता स्थित इको पर्यटन पार्क में सोलर डोम का निर्माण।	53.20
181	20 एमजीडी क्षमता के सतही जल आधारित जल शोधन संयंत्र (द्वितीय इकाई) का सर्वेक्षण, योजना, डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, स्थापना एवं चालू करना, जिसमें 3 माह का परीक्षण संचालन तथा इसके उपरांत 5 वर्षों का संचालन एवं रख-रखाव शामिल है।	41.40
182	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-IIE में सिटी सेंटर-II के सामने उपयोगिता भवन का निर्माण।	6.87
183	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-IIID में सीवेज शोधन संयंत्र का निर्माण।	37.88
184	एनकेडीए द्वारा आवंटित न्यू टाउन, कोलकाता के विभिन्न क्षेत्रों से ठोस अपशिष्ट, जिसमें कचरा भी शामिल है, का दैनिक संग्रहण, परिवहन तथा निर्धारित निपटान स्थल पर उसका ढेर लगाना एवं फैलाना।	5.64
185	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-I के अंतर्गत आंतरिक सड़कों की मशीनीकृत एवं मैनुअल झाड़ू लगाकर सफाई।	6.24
186	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-III के अंतर्गत एमएआर-3333 तथा आंतरिक सड़कों की मशीनीकृत एवं मैनुअल झाड़ू लगाकर सफाई।	6.16
187	न्यू टाउन के एक्शन एरिया-II के अंतर्गत आंतरिक सड़कों की मशीनीकृत एवं मैनुअल झाड़ू लगाकर सफाई।	6.24
188	एनकेडीए सामुदायिक बाजार से उत्पन्न जैविक अपशिष्ट को कम्पोस्ट में परिवर्तित करने के लिए	

	इन-सीटू ठोस अपशिष्ट कम्पोस्टिंग संयंत्र (01 मीट्रिक टन/प्रतिदिन) की आपूर्ति, स्थापना एवं संचालन।	0.26
189	एनकेडीए के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता में एमएआर-1111 तथा सर्विस रोड की मशीनीकृत एवं मैनुअल झाड़ू लगाकर सफाई।	6.94
190	एनकेडीए के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता में बॉक्स ब्रिज से वीआईपी रोड क्रॉसिंग (हल्दीराम) तक बिस्वा बांग्ला सरणी (बाई ओर-अप एवं डाउन) तथा सर्विस रोड की मशीनीकृत एवं मैनुअल झाड़ू लगाकर सफाई।	6.63
191	ठोस अपशिष्ट (शुष्क एवं आर्द्र अपशिष्ट) का दैनिक संग्रहण, परिवहन तथा न्यू टाउन के एक्शन एरिया-I, II एवं III से निर्धारित यार्ड/निपटान स्थल पर अपशिष्ट का ढेर लगाना एवं फैलाना।	18.62
192	न्यू टाउन में साल्ट लेक छोर पर संयोजक संपर्क मार्ग तथा दूसरे छोर पर स्ट्रीट संख्या-2222 को जोड़ने के लिए केष्टोपुर नहर पर द्वितीय पुल का निर्माण, जिसमें पहुँच मार्ग (एप्रोच वायाडक्ट) तथा सहायक सड़क कार्य शामिल हैं।	55.12
193	न्यू टाउन, कोलकाता में बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर के समीप बागजोला नहर पर 4.5 मीटर चौड़े एक क्रॉस-ओवर पुल का डिजाइन एवं निर्माण।	2.87
194	न्यू टाउन, कोलकाता जलापूर्ति प्रभाग के अंतर्गत एए-आईडी में विद्यमान जलापूर्ति राइजिंग मेन से टैंक संख्या-7 एवं 8 हेतु 350 मिमी व्यास के एमएस पाइप की आपूर्ति, स्थल पर परिदान एवं बिछाने सहित अन्य सहायक कार्य।	2.02
195	न्यू टाउन, कोलकाता चरण-II के एक्शन एरिया-IIE में आईओसी पेट्रोल पंप के निकट सिटी सेंटर-2 के सामने, चैनेज 4808.00 मीटर पर घुनी नहर के समीप जल निकासी पंपिंग स्टेशन का निर्माण तथा संबद्ध कार्य।	1.57
196	लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) के न्यू टाउन, कोलकाता जलापूर्ति प्रभाग-I के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-I स्थित जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) परिसर में विद्युत उपकेंद्र भवन का निर्माण।	1.29
197	लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) के न्यू टाउन, कोलकाता जलापूर्ति प्रभाग-I के अंतर्गत न्यू टाउन, कोलकाता स्थित बूस्टिंग स्टेशन-III में विद्युत उपकेंद्र भवन का निर्माण।	1.24
198	एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत एक्शन एरिया-IB में विभिन्न स्थानों पर हॉट मिक्स प्लांट द्वारा सड़कों की वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण।	0.47
199	एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत एए-आईडी में स्ट्रीट संख्या-269, 306 एवं 324 पर पेवर फिनिशर द्वारा एसडीबीसी कार्य सहित बिटुमिनस मैकडम बिछाकर बिटुमिनस सड़क की प्रोफाइल का सुधार।	0.59
200	एनकेडीए, न्यू टाउन, कोलकाता के अंतर्गत एए-आईडी में स्ट्रीट संख्या-326 एवं 299 पर पेवर फिनिशर द्वारा एसडीबीसी कार्य सहित बिटुमिनस मैकडम बिछाकर बिटुमिनस सड़क की प्रोफाइल का सुधार।	0.59
201	प्रथम चरण (बी+जी+IV) के अंतर्गत न्यू टाउन कोलकाता विकास प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन का निर्माण, प्लॉट संख्या DG/13, परिसर संख्या 04-3333, एक्शन एरिया-ID, न्यू टाउन, कोलकाता।	74.77
202	न्यू टाउन में 373 कैमरों के लिए 24×7 ग्रिड विद्युत आपूर्ति का विकास।	0.43
203	न्यू टाउन, कोलकाता के विभिन्न सामुदायिक बाजारों एवं सार्वजनिक साइकिल साझाकरण (पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग) स्टेशनों पर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की स्थापना।	0.17

204	न्यू टाउन, कोलकाता में फास्टैग आधारित वाहन पार्किंग समाधान के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर (एसआई) की नियुक्ति।	0.28
205	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-II में स्मार्ट सेंसरी पार्क के अतिरिक्त कार्य।	2.58
206	न्यू टाउन, कोलकाता के प्लॉट संख्या BLK/22 स्थित एकीकृत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह पॉलीक्लिनिक के लिए फर्नीचर की खरीद।	0.63
207	हैप्पी स्ट्रीट।	9.43
208	न्यू टाउन, कोलकाता में नागरिक-केंद्रित गतिविधियों के लिए एजेंसी का पैनलीकरण।	0.02
209	न्यू टाउन के एए-II में नागरिक कॉर्नर सहित फुटसल मैदान का विकास।	2.26
210	न्यू टाउन कोलकाता विकास प्राधिकरण के अंतर्गत एसडब्ल्यूएम कार्य हेतु आवंटित प्लॉट संख्या AA-IIE/57/D, एक्शन एरिया-IIE में इस्पात संरचनात्मक ढाँचे पर रूफ कवरिंग सहित भूमि का विकास।	1.14
211	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-I में ग्रेडेड साइकिल ट्रैक का विकास एवं संशोधन।	0.95
212	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-I में 421 स्थानों पर प्रौद्योगिकी-सक्षम स्मार्ट स्ट्रीट साइनेज का एपीआई एकीकरण।	0.25
213	न्यू टाउन, कोलकाता के निर्दिष्ट स्थान पर साइकिल डॉकिंग स्टेशन (आयाम: 20 मीटर × 2.5 मीटर) का निर्माण।	0.11
214	मैनहोल सफाई हेतु रोबोटिक आर्म की खरीद।	2.75
215	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-I में विभिन्न खेल मैदानों/गतिविधि क्षेत्रों (09 स्थानों) पर महिलाओं एवं पुरुषों के लिए पृथक व्यवस्था सहित शौचालय ब्लॉक का निर्माण।	0.26
216	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-IA, IB एवं ID में फुटपाथ के साथ साइकिल ट्रैक का निर्माण।	2.75
217	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-II में स्ट्रीट संख्या 568, 374 एवं 335 के साथ साइकिल ट्रैक तथा बाधारहित फुटपाथ का निर्माण।	3.05
218	एनकेडीए द्वारा निष्पादित विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से न्यू टाउन के नागरिकों को प्राप्त सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करने हेतु वास्तुशिल्पीय त्रि-आयामी (3डी) भौतिक मॉडलों (03 संख्या) की तैयारी।	0.09
219	न्यू टाउन के विभिन्न बस स्टॉपों के लिए शून्य-बी यूवी चिल 60-80-120 एलपीएच जल शोधक (21 संख्या) की आपूर्ति, परिदान एवं स्थापना।	0.22
220	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-I के ग्रीन कॉरिडोर में खेल मैदानों (08 संख्या, प्रत्येक 500 वर्ग मीटर) तथा बच्चों के खेल क्षेत्र का विकास।	0.77
221	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-IIIC में कोको पेट्रोल पंप के निकट एमएआर-3333 के दोनों ओर विद्यमान मॉडल के अनुसार उत्तरी दिशा में स्मार्ट बस शेल्टर का निर्माण।	0.10
222	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-IIIC में कोको पेट्रोल पंप के निकट एमएआर-3333 के दोनों	

	ओर विद्यमान मॉडल के अनुसार दक्षिणी दिशा में स्मार्ट बस शेल्टर का निर्माण।	0.10
223	न्यू टाउन, कोलकाता के लिए "वन सिटी वन ऐप" का डिजाइन, विकास, क्लाउड होस्टिंग तथा 3 वर्षों का अनुरक्षण।	0.07
224	एसी ब्लॉक, स्ट्रीट संख्या-37 में शौचालय ब्लॉक सहित बाल उद्यान का निर्माण।	0.55
225	न्यू टाउन, कोलकाता के एए-I स्थित एसी ब्लॉक (प्लॉट संख्या AC/44, परिसर संख्या 25-0043) में फुटबॉल खेल मैदान का विकास।	0.45
कार्यान्वयन चल रहा है		
1	न्यू टाउन, कोलकाता के एक्शन एरिया-ID में प्लॉट संख्या DF/183, 184 एवं 185 पर विद्यालय भवन का निर्माण।	25.1

(राज्य द्वारा दिनांक** 31.03.2026 **की स्थिति के अनुसार उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार।)

******